सेन्ट्रलाईज प्रॉपर्टी रिसोर्स मैनेजमेन्ट सिस्टम
Centralized Property Resource Management System (CPRMS)

जविप्रा द्वारा सृजित आवसीय एवं सोसाईटी/निजी क्षेत्र की अनुमोदित योजना से संबन्धित प्रत्येक प्रॉपर्टी से संबन्धित जानकारी का एकल संग्रह **सेन्ट्रलाईज प्रॉपर्टी रिसोर्स मैनेजमेन्ट सिस्टम** के तहत किया जा रहा है।

इस सिस्टम के माध्यम से आज दिनांक तक 407662 प्रॉपर्टी का ब्यौरा इकठ्ठा किया जा चुका है एवं एक सत्त प्रक्रिया के तहत दैनिक आधार पर ब्यौरा तैयार किया जाता है। प्रत्येक प्रोपर्टी का एक यूनिक सर्विस नम्बर बनाया जाता है जिसमें मुख्य रूप से आवंटी का नाम, पता, अलोटमेन्ट लेटर, पजेशन लेटर एवं पट्टा जारी किये जाने की तिथियॉ एवं उनकी कॉपी को स्कैन किया जाता है। उक्त सर्विस नम्बर के पेटे राशि का भुगतान ऑफलाईन एवं ऑनलाईन के माध्यम से संकंलित किया जाता है जिसके अनुरूप जमा की गई राशि का डिपोजिट लेजर उपलब्ध होता है जिसे की जविप्रा की वेबसाईट द्वारा आवंटी को प्रदर्शित किया जाता है।

इस सिस्टम के रखरखाब में ऐपलीकेशन का मैनेजमेन्ट आई टी प्रकोष्ठ में आई टी प्रोफेशनल द्वारा संधारित किया जाता है एवं डेटा एवं स्केनिग संबंधित कार्य इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी सर्विस मैनेजमेन्ट प्रोवाईडर के माध्यम से कराया जा रहा है।

प्रोजेक्ट मोनिटरिंग इन्फोर्मेशन सिस्टम
Project Monitoring Information System (PMIS)

जविप्रा द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों के डिजिटलीकरण हेतु **प्रोजेक्ट मोनिटरिंग इन्फोर्मेशन सिस्टम** लागू है। इस सिस्टम में प्रोजेक्ट के अनुमोदन से पूर्व संपूर्ण ब्यौरा एवं तकनीकी तकमीना मय लागत भरा जाकर विभिन्न स्तरों पर स्वचलित अनुमोदन के उपरान्त ही अनुमोदित किया जाता है। सिस्टम में ब्यौरा दर्ज, कार्यालय टिप्पणी एवं अनुमोदन का कार्य सक्षम स्तर पर संबंधित अधिकारियों द्वारा केवल ऑनलाईन के माध्यम से ही पूर्ण किया जाता है। सिस्टम पर कार्य करने की सुविधा परिसर अथवा इन्टरनेट के माध्यम से कहीं से कभी भी किया जा सकता है।

जविप्रा में विकास कार्य हेतु प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृतियों को जारी करने हेतु मेनुअल प्रक्रिया को अप्रचलित किया जाकर पूर्णतया इस सिस्टम पर प्रतिस्थापित कर दिया गया है। इस सिस्टम द्वारा आज दिनांक तक लगभग 2883 प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृतियां जारी की गयी है। प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति जारी होने के उपरान्त सम्बन्धित विकास कार्यों की आवश्यकतानुसार सिस्टम जनित तकनीकी स्वीकृति जारी की जाती है। टेण्डर प्रक्रिया के उपरान्त सिस्टम जनित LOA/कार्यादेश जारी किया जाता है।

इस सिस्टम में ऑनलाईन बिलिंग का कार्य प्रक्रियाधीन है जिसे पूर्ण किये जाने की समय सीमा सितम्बर 2018 निर्धारित की गई है। सिस्टम को बनाये जाने का कार्य मैसर्स SoftTech Engineers Pvt. Ltd., Pune के द्वारा किया जा रहा है।